प्रेसविज्ञप्ति/ PRESS RELEASE 21.05.2023

# इंडियन बैंक द्वारा मानव सेवा संघ, करनाल को सहायता

**करनाल, 21 मई 2023:** इंडियन बैंक द्वारा सीएसआर पहल के तहत मानव सेवा संघ, करनाल को एक कमर्शियल वाहन प्रायोजित की गई है, जो करनाल और आसपास के जरूरतमंद लोगों के लिए आहार और कपड़ों के संग्रहण और वितरण में सहायक होगी।

श्री. महेश कुमार बजाज, कार्यपालक निदेशक, इंडियन बैंक द्वारा कथित वाहन की चाबी मानव सेवा संघ के निदेशक, श्री स्वामी प्रेममूर्ति को सौंपी गई। बैंक द्वारा किए गए इस उत्कृष्ट पहल से मानव सेवा संघ के लक्ष्य यथा करनाल और आसपास के गरीब लोगों के लिए आहार, पीने का पानी और कपड़े उपलब्ध कराने के अलावा उनके लिए स्वास्थ्य शिविर और मेडिटेशन सत्र आयोजित करने जैसी कल्याणकारी गतिविधियों को आगे बढ़ाने में और मजबूती मिलेगी।

इस अवसर पर अपने संबोधन में, श्री बजाज ने वंचित वर्गों तक ससमय सहयोग पहुँचाने के लिए मानव सेवा संघ के प्रयासों की सराहना कीं। उन्होंने कहा कि बैंक अपने सामाजिक लक्ष्यों के लिए प्रतिबद्ध है और अखिल भारतीय स्तर पर अपने कार्यालयों और शाखाओं के माध्यम से अन्य क्षेत्रों के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, समावेशी विकास और पर्यावरण स्थिरता जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सीएसआर के तहत विभिन्न गतिविधियों को पूरा कर रहा है।

श्री बिजय कुमार षड़ंगी, क्षेत्र महाप्रबंधक, चंडीगढ़; श्री अवनीश प्रधान, अंचल प्रबंधक, करनाल और बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा मानव सेवा संघ, करनाल के श्री सुरेश जुनेजा, अध्यक्ष, डॉ. बाल कृष्णन कौशिक, महासचिव और अन्य प्रतिनिधि भी इस अवसर पर उपस्थित थे।